12/02/2026

आकाशवाणी ईटानगर

अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांदू ने आज तवांग जिले की तवांगचू नदी में आयोजित तवांगचू टाइड्स इंटरनेशनल कायाकिंग चैम्पियनशिप के दूसरे संस्करण का शुभारंभ किया। इस प्रतियोगिता में देश-विदेश से सौ से अधिक प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कायाकिंग और कैनोइंग में भारत की पहली महिला ओलंपिक ज्यूरी सदस्य बिलकिस मीर की विशेष रूप से सराहना की, जो इस कार्यक्रम में मौजूद रहीं। उन्होंने कहा कि उनकी उपस्थिति एशियाई खेलों और ओलंपिक में देश का प्रतिनिधित्व करने का सपना देखने वाले युवा खिलाड़ियों के लिए बड़ी प्रेरणा बनेगी। मुख्यमंत्री ने अरुणाचल की कायाकिंग एथलीथ देवी दादा को अड़तीसवें राष्ट्रीय खेलों में कायक क्रॉस स्पर्धा में कांस्य पदक जीतने पर बधाई दी और उन्हें राज्य के उभरते खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत कहा। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि मेघालय में होने वाली आगामी उनतालीसवें राष्ट्रीय खेलों में अरुणाचल अपनी राष्ट्रीय रैंकिंग और बेहतर करेगा।

0000000000000000000000

अरुणाचल ईस्ट सांसद तापिर गाओ ने भारत-म्यांमार सीमा के निकट स्थित दूरस्थ सीमावर्ती क्षेत्र विजयनगर में मोबाइल कनेक्टिविटी की समस्या को केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया के समक्ष प्रस्तुत। केंद्रीय मंत्री ने इस मुद्दे पर कहा कि केंद्र सरकार सीमावर्ती गांवों में संपर्क सुविधा सुदृढ़ करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने विजयनगर को "भारत का प्रथम गांव" बताते हुए विशेष महत्व का उल्लेख किया। श्री सिंधिया ने कहा कि राइट ऑफ वे तथा पर्यावरणीय स्वीकृतियों जैसी चुनौतियों का समाधान अरुणाचल प्रदेश सरकार के साथ समन्वय स्थापित कर किया जाएगा।

0000000000000000000000

पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे के रेलवे सुरक्षा आयुक्त ने तिनसुकिया के मंडल रेल प्रबंधक (निर्माण) पराग कात्रे और अन्य अधिकारियों के साथ असम के मुरकोंगसेलेक से ईस्ट सियांग जिले के पासीघाट स्थित सिले स्टेशन तक बने 13 किलोमीटर लंबे नए रेल मार्ग का निरीक्षण किया। एनएफआर सूत्रों के अनुसार मुरकोंगसेलेक से सिले तक ब्रॉड गेज रेल लाइन का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है और यह ट्रायल रन के लिए तैयार है। कल निर्धारित परीक्षण के बाद सिले रेलवे स्टेशन को औपचारिक रूप से शुरु कर दिया जाएगा।

0000000000000000000000

बाइसवीं राष्ट्रीय माउंटेन टेरेन बाइकिंग चैम्पियनशिप का शुभारंभ आज अरुणाचल प्रदेश के लोअर दिबांग वैली जिले के रोइंग में हुआ। जिसमें देशभर से आए शीर्ष साइकिल चालकों द्वारा भाग लिया जा रहा हैं, जिससे यह क्षेत्र में आयोजित अब तक के सबसे बड़े साइक्लिंग आयोजनों में से एक बन गया। चैम्पियनशिप का आयोजन इस महिने की 15 तारीख की जाएंगी। आयोजन का संचालन अरुणाचल साइक्लिंग एसोसिएशन और साइक्लिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा संयुक्त रूप से किया जा रहा है। अरुणाचल साइक्लिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं गृह व शिक्षा मंत्री के सलाहकार मुच्चु मिथी ने कहा कि इस तरह के राष्ट्रीय स्तर के आयोजन युवाओं की भागीदारी बढ़ाने और खेल अवसंरचना को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

0000000000000000000000000

अपर सियांग जिले के सिमोंग गांव में आज सुबह लगभग ग्यारह बजे आग लगने की घटना घटी। रसोई में हुए हादसे के कारण लगी आग में अस्सी वर्षीय ताबो दाङगेङ की मृत्यु हुई और उनका आवास पूरी तरह जलकर राख हो गया। विधायक आलो लिबाङ ने उपायुक्त तालो जेराङ, एसपी तोकेन सारिंग और जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी एनी यांगफो के साथ घटनास्थल का दौरा किया। टीम ने स्थिति का जायजा लेते हुए प्रभावित परिवार को तत्काल राहत प्रदान की।

0000000000000000000000000

गुवाहाटी उच्च न्यायालय की ईटानगर पीठ ने राज्य सरकार को निर्देश दिया है कि ईस्ट सियांग जिले के निगलोक औद्योगिक विकास केंद्र में स्थापित मेसर्स एथर अलॉयज एलएलपी द्वारा संचालित सिलिकॉन फैक्ट्री तक लोगों और सामग्री की आवाजाही सुचारु रूप से सुनिश्चित की जाए। मामले की अगली सुनवाई तीस अप्रैल को निर्धारित की गई है। कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए न्यायालय ने पांच फरवरी को अंतरिम आदेश जारी कर मुख्य सचिव, ईस्ट सियांग उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक और रुक्सिन के एडीसी को आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए। इससे पहले रुक्सिन क्षेत्र के स्थानीय ग्रामीणों और 'आईजीसी प्रदूषण प्रभावित लोगों के मंच ने पर्यावरण प्रदूषण का आरोप लगाते हुए फैक्ट्री को बंद करने और स्थानांतरित करने की मांग की थी।

000000000000000000000000

सीबीएसई इस वर्ष से कक्षा 12 की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन के लिए ऑन-स्क्रीन मार्किंग प्रणाली लागू करेगा। हालांकि कक्षा 10 की कॉपियों का मूल्यांकन पहले की तरह फ़ीसिकल रूप में ही जारी रहेगा। बोर्ड ने यह भी घोषणा की है कि इस वर्ष से कक्षा 10 में द्वितीय बोर्ड परीक्षा भी आयोजित की जाएगी। परीक्षा संचालन और ऑन-स्क्रीन मूल्यांकन से संबंधित दिशा-निर्देशों को समझाने के लिए कल सुबह ग्यारह बजे एक लाइव वेबकास्ट आयोजित किया जाएगा।

0000000000000000000000000

राजीव गांधी विश्वविद्यालय के कॉमर्स विभाग द्वारा 13 और 14 फरवरी 2026 को “Industry 5.0: Sustainability and Human Interactions,” विषय पर अंतरराष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया जाएगा। इस सेमिनार का उद्देश्य सतत और मानव-केंद्रित औद्योगिक विकास के उभरते रुझानों पर अकादमिक चर्चा को बढ़ावा देना और गहरी समझ विकसित करना है।

0000000000000000000000000